Date 28/3/26

विज्ञापन (2nd Sem SEC)

* विज्ञापन की भाषा :→

विज्ञापन की भाषा सरल, आकर्षक, भावात्मक प्रेरणादायी और संक्षिप्त होनी चाहिए जो सीधे उपभोक्ता के दिल और दिमाग पर असर करे। यह भाषा उत्पाद की उपयोगिता और विशिष्टता को दर्शाती है। इसमें काव्यात्मकता, तुकबंदी और भावनात्मक शब्दों का प्रयोग किया जाता है, ताकि ग्राहक उत्पाद को याद रखे और उसे खरीदने के लिये प्रेरित हो।

- सरल और बोधगम्य :→ भाषा आम बोलचाल की होनी चाहिए ताकि हर कोई आसानी से समझ सके।
- आकर्षक और प्रेरक :→ शब्द ऐसे हो जो लोगों का ध्यान

Date 28/3/26
Page 61

खींचे और उन्हें खरीदारी के लिये मजबूर करें (जैसे- "शानदार ऑफर", मात्र ₹ 99 में ")।

• संक्षिप्त :→ विज्ञापन में 25 से 50 शब्दों के भीतर अपनी बात कहनी चाहिए।

• भावात्मक :→ उपभोक्ता की भावनाओं (जैसे - खुशी, स्वास्थ्य, सुरक्षा) को जगानेवाली भाषा का प्रयोग।

• विशिष्टता का दावा :→ उत्पाद को अद्वितीय और बतानेवाले शब्दों का प्रयोग। जैसे : "नंबर - 1", "सिर्फ हमारे पास" आदि।

• सार्थक और काव्यात्मक :→ तुकबंदी (Rhyming) या छोटे स्लोगन (Tagline) का प्रयोग, जो याद रह सकें। उदाहरण : ताजा, स्वच्छ, अनोखा, बेजोड़, खुशखबरी, अंतिम मौका आदि।

☆ विज्ञापन में शीर्षक / उपशीर्षक / स्लोगन :→

विज्ञापन में शीर्षक (Headline) सबसे पहले ध्यान खींचनेवाला बड़ा वाक्य है, उप-शीर्षक (Sub - headline) मुख्य लाभ/बात को विस्तार देनेवाला वाक्य है और स्लोगन (Slogan) ब्रांड की पहचान बतानेवाला एक छोटा, यादगार वाक्यांश है। ये तीनों मिलकर उत्पाद को आकर्षक बनाते हैं।

• शीर्षक :→ शीर्षक को विज्ञापन की आत्मा कहा जा सकता है। यह सबसे ऊपर और आकर्षक तरीके से लिखा जाता है, ताकि ग्राहक का ध्यान तुरंत खींचा जा

सके। उदाहरण- "दाँतों को मिले दो गुना मजबूती"।
• **उप-शीर्षक:**→ यह शीर्षक के नीचे आता है, जो उत्पाद की मुख्य विशेषता या लाभ को स्पष्ट करता है। यह ग्राहक को और जानकारी पढ़ने के लिये प्रेरित करता है। उदाहरण- "नए (ब्रांड का नाम) साबुन के साथ"।
• **स्लोगन:**→ (Slogan/Tagline) यह ब्रांड की पहचान बनानेवाला छोटा, यादगार और प्रभावशाली वाक्यांश होता है। यह कम्पनी के मिशन या ब्रांड की छवि को दर्शाता है। उदाहरण- "डर के आगे जीत है", "जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी", "ठंडा मतलब कोकाकोला" आदि।

☆ विज्ञापन बनाने के लिये उपयोगी तत्व:

→ उपयुक्त शीर्षक
→ कंपनी के नाम
→ कंपनी के लोगो चिह्न
→ चित्र
→ प्रेरणादायी वाक्यांश
→ लाभ/फायदे की बातें
→ स्लोगन
→ प्राप्ति स्थान
→ संपर्क सूचना

— o —